


# षोडश बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-04 बुधवार, दिनांक- 03 अगस्त, 2016 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक**

**[1] प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 24 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या- अ 28 दिनांक-01.08.2016 से स्थगित परिवहन विभाग में स्थानान्तरित ।

(iii) 141 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[2] कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री विजय कुमार खेमका, श्री संजय सरावगी, श्री ललन पासवान, श्री अशोक कुमार, श्री नीरज कुमार सिंह, श्री जिवेश कुमार, श्री विद्या सागर केशरी, डॉ० सी०एन० गुप्ता, श्री कृष्ण कुमार ऋषि, श्री नितिन नवीन, श्री संजीव चौरसिया, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव, श्री मिथिलेश तिवारी एवं श्री राणा रणधीर से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

''आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपनी-अपनी सीट पर जाने का आग्रह किया गया जिसके बाद माननीय सदस्य अपनी-अपनी सीट पर वापस आ गये ।''

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री राजकुमार राय
(ii) डॉ० रामानुज प्रसाद
(iii) श्री अमीत कुमार
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री ललन पासवान
(vi) श्री मुन्द्रिका सिंह यादव
(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा
(viii) श्री सुबोध राय
(ix) श्री अशोक कुमार सिंह
(x) श्रीमती भागीरथी देवी

(xi) श्री मो० नवाज आलम
(xii) श्री विजय कुमार खेमका
(xiii) श्री आनंद शंकर सिंह
(xiv) श्री मो० नेमतुल्लाह
(xv) श्री कृष्ण कुमार ऋषि
(xvi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xvii) श्री नीरज कुमार सिंह
(xviii) श्री शमीम अहमद
(xix) श्री जिवेश कुमार
(xx) श्री संजय सरावगी
(xxi) श्री विजय कुमार सिन्हा
(xxii) श्री विद्या सागर केशरी
(xxiii) श्रीमती गायत्री देवी
(xxiv) डॉ० सी०एन० गुप्ता
(xxv) डॉ० राजेश कुमार

''शून्यकाल की सूचनान्तर्गत श्री नंदकिशोर यादव द्वारा वैशाली के महुआ में हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान के पत्रकार की पिटाई का मामला उठाया गया ।''

''आसन द्वारा कहा गया कि सरकार इस सूचना पर संज्ञान लेगी ।''

''माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा बिहार के नालंदा जिला में पाकिस्तानी झंडा लहराने वाले पर कार्रवाई का मामला उठाया गया ।

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री श्याम रजक, श्री रमेश ऋषिदेव एवं श्री सुबोध राय का विधि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना को माननीय सदस्य श्री श्याम रजक द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) श्री जिवेश कुमार एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ ।

[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के उपलब्धि प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में चतुर्थ तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय का रूझान संबंधी परिणाम प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(iii) माननीय सभापति, लोक लेखा समिति, श्री नंदकिशोर यादव द्वारा समिति का 594वाँ, 596वाँ एवं 597वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में प्रथम तिमाही में प्राप्ति एवं व्यय का रूझान संबंधी परिणाम प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(v) माननीय सभापति, राजकीय आश्वासन समिति, श्री अजय मंडल द्वारा समिति का 242वाँ, 243वाँ, 244वाँ एवं 245वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तदोपरान्त सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित की गई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 5.30 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2016-17 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग [ग्रामीण विकास विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री प्रेम कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(ii) श्री नवाज आलम
(iii) श्री अभय कुमार सिन्हा
(iv) श्री विजय शंकर दूबे
(v) श्री कुमार सर्वजीत
(vi) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(vii) श्री रामदेव राय
(viii) श्री ललित कुमार यादव
(ix) श्री वशिष्ठ सिंह
(x) डॉ० रामानुज प्रसाद
(xi) श्रीमती एज्या यादव
(xii) श्री उमेश सिंह कुशवाहा
(xiii) श्री ललन पासवान
(xiv) श्री राजू तिवारी
(xv) श्री अरूण कुमार
(xvi) श्री महबूब आलम
(xvii) श्री सीताराम यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xviii) श्री अब्दुस सुबहान

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । तत्पश्चात् सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

तदोपरान्त वर्ष 2016-17 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>विधायी कार्य</u> :-<u>राजकीय (वित्तीय) विधेयक</u> :-

**''बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2016 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

''माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आसन से कहा गया कि इस सत्र में कुल 13 विधेयक पास हुए हैं । इसके लिए आप एवं सदन धन्यवाद के पात्र हैं ।''

''आसन से कहा गया कि सरकार का पहल भी सराहनीय है एवं सदन भी धन्यवाद का पात्र है ।''

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 52 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बृहस्पतिवार, दिनांक 04 अगस्त, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-03 अगस्त, 2016

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।